दैनिक भास्कर **ठाणे-नवी मुंबई** मुंबई | गुरुवार, 13 मार्च 2025 | 5
bhaskarhindi.com

# मैंग्रोव नष्ट कर भूखंड हड़पने की साजिश

**» मनपा की एनवायरमेंट टीम ने जेसीबी को किया जब्त**

## » मैंग्रोव सेल की टीम ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा, लड़ाई में एक और अध्याय जुड़ा

भास्कर संवाददाता | नवी मुंबई

एनआरआई कॉम्प्लेक्स स्थित डीपीएस फ्लेमिंगो तालाब और टी. एस. चाणक्य के पास वेटलैंड्स का मुद्दा विवाद में रहने के बाद इस लड़ाई में अब एक और अध्याय जुड़ गया है। एनआरआई पुलिस स्टेशन और डीपीएस स्कूल के बीच के भूखंड को सिडको द्वारा किसी बिल्डर को बेचे जाने की चर्चा है, जबकि यह क्षेत्र फ्लेमिंगो अधिवास के नाम से जाना जाता है। मॉर्निंग वॉक के दौरान अधिवक्ता सिद्ध विद्या की नजर डीपीएस तालाब के पास मैंग्रोव वाले क्षेत्र पर पड़ी तो अंदर से जेसीबी चलने की आवाज आई। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। इतने बड़े क्षेत्र से मैंग्रोव गायब हो गए हैं। जेसीबी से जमीन को समतल किया जा रहा था। उन्होंने इस मामले की शिकायत मैंग्रोव सेल से की, जिसके बाद कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। सेव नवी मुंबई एनवायरमेंट के प्रमुख सुनील अग्रवाल ने बताया कि एनआरआई पुलिस स्टेशन और डीपीएस स्कूल के बीच सर्विस रोड से लगकर करीब 15 हजार वर्ग मीटर भूखंड को जेसीबी के माध्यम से समतल किया जा रहा है। यहां बड़े पैमाने पर मैंग्रोव को नष्ट किया गया है। आरोप है कि टी. एस. चाणक्य के पास जिस तरह से सिडको ने किसी कंस्ट्रक्शन के हाथों भूखंड बेच दिया, उसी तरह से यहां की जमीन को भी सिडको ने किसी बिल्डर को बेच दिया है।



**बिल्डर के लोग डराते हैं:** इस मामले की शिकायत करने वाली अधिवक्ता सिद्ध विद्या ने बताया कि यहां सामान्य लोगों को नहीं जाने दिया जाता, जो लोग जाने का प्रयास करते हैं, उन्हें बिल्डर के लोग डरा-धमकाकर भगा देते हैं। फिलहाल उन्होंने इस मामले की सूचना मैंग्रोव सेल को दी, जिसके बाद मैंग्रोव विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और उनके हस्तक्षेप के बाद नवी मुंबई मनपा की एनवायरमेंट विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी को जब्त कर लिया है।

**वन मंत्री ने दिया मामला दर्ज करने का निर्देश:** इस मामले को लेकर वन मंत्री गणेश नाईक ने वन विभाग को तहसीलदार कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित कर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। सुनील अग्रवाल ने बताया कि गणेश नाईक की इस मामले में सिडको एमडी के साथ बैठक करेंगे। वे उनसे डीपीएस तालाब से जुड़े क्षेत्र तक के परिसर को वन विभाग के हवाले करने की बात करेंगे।

> यह मामला मुझे पता ही नहीं है। इसके बारे में संबंधित अधिकारी से बात करने के बाद ही जानकारी दे पाऊंगी।
> -प्रिया रातांबे, जनसंपर्क अधिकारी, सिडको